आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–22 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी के माध्यम से आज मन की बात कार्यक्रम में अपने विचारों को साझा किया। उन्होंने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भविष्य में विश्व स्तर पर एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। समिट के लिए नई दिल्ली में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एकत्र हुए।

इस समटि में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्‌भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं। इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही है।

अंगदान के प्रति लगातार बढ़ रही जागरूकता के विषय पर प्रधानमंत्री ने कहा कि एक नेक काम अनगिनत लोगों का जीवन बदल सकता है।

इन दिनों भारत में ऑर्गन डोनेशन लेकर जागरूकता लगातार बढ़ रही है। इससे उन लोगों की मदद हो रही है, जिन्हें इसकी जरूरत है। इसके साथ ही देश में मेडिकल रिर्सज को भी बल मिल रहा है। इस दिशा में कई संस्थाएँ और लोग असाधारण कार्य कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'मन की बात' में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी पर उनके भाषण के बाद समाज में इस दिशा में काफी जागरूकता आई है। देश भर में चल रही बोर्ड परीक्षा की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी पूरी लगन से अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और तनाव में नहीं हैं। श्री मोदी ने रमजान और आगामी होली के त्यौहार की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को भी दोहराया।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मेरठ के शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन से मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को रवाना किया। उन्होंने मेरठ साउथ स्टेशन तक मेट्रो की सवारी की। प्रधानमंत्री ने बयासी किलोमीटर लंबा दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर राष्ट्र को समर्पित करते हुए देश की पहली नमो भारत क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली के शेष खंडों का शुभारंभ भी किया। एक सौ अस्सी किलोमीटर प्रति घंटे की गति के साथ, नमो भारत देश की पहली क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली है। यह साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर और मेरठ को दिल्ली से जोड़ती है।

श्री मोदी ने मेरठ में लगभग बारह हजार नौ सौ तीस करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से विकसित उत्तरप्रदेश और विकसित भारत के लक्ष्य को गति मिलेगी।

विकसित भारत की कनेक्टिविटी कैसी होगी, यह उसकी एक शानदार झांकी है। शहर के भीतर के लिए मेट्रो और ट्विन सिटी के विजन को गति देने के लिए नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेन मुझे संतोष है यह काम उत्तर प्रदेश में हुआ है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भारत के निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं विकसित भारत की नीव को मजबूत करेंगी।

रैपिड रेल को उद्‌घाटन करने के साथ–साथ अपने आप में एक मॉडल है। कि मेरठ को इस नमो भारत ट्रेन के साथ मेट्रो की भी एक नई उपहार होली के ठीक पूर्व आदरणीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा आज यहां प्रदान किया जा रहा है। यहा उपहार विकसित भारत की उसे न्यू को सुदृढ़ करने का एक नया माध्यम हम सबके सामने है जिसने अत्यधिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से भारत की ताकत दिखती है।

****

प्रयागराज स्थित विशेष पॉक्सो अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बाल यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए प्राथमिकी. दर्ज करने का आदेश दिया है। विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने पिछले सप्ताह आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज और अन्य द्वारा एक आवेदन पर साक्ष्य की जांच और पीड़ित बालकों के बयान दर्ज करने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा। याचिकाकर्ता ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने के लिए आवेदन दायर किया था।

****

प्रदेश के सभी मतदेय स्थलों पर आज विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन करने के लिये चौथा अभियान दिवस आयोजित किया गया। विशेष अभियान दिवस में प्रत्येक मतदेय स्थल पर सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ उपस्थित रहे।

****

अयोध्या में आज श्रीगोरक्षनाथ पीठ न्यास और नेशनल मेडिकोज अर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्‌घाटन प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। इस अवसर पर पीजीआई लखनऊ, केजीएमयू लखनऊ, राम मनोहर लोहिया सहित कई प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के लगभग दो सौ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क सेवा प्रदान की गयी। मेले में मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया और जांच कर जरूरी दवायें दी गयीं।

****